दिनांक : 28.03.2024 समय : 07.10 चउ

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी, चार अप्रैल तक भरे जा सकेंगे नामांकन।
- लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, के साथ प्रशासनिक तैयारियां जारी।
- धार के भोजशाला परिसर में सातवें दिन भी एएसआई की टीम ने किया सर्वेक्षण।
- आईपीएल टी–20 क्रिकेट में आज राजस्थान रायल्स और दिल्ली कैपिटल्स का जयपुर में होगा मुकाबला।

## दूसरा चरण अधिसूचना

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज जारी होने के साथ ही आज से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई । इस चरण में 12 राज्यों की 88 लोकसभा सीटोंए में मतदान कराया जाएगा।

इनमें मध्य प्रदेश की 7 सीटे शामिल है। इस चरण में टीकमगढ़ए सतनाए दमोहए खजुराहोए रीवाए होशंगाबाद और बैतूल सीटों पर मतदान होगा। नामांकन 4 अप्रैल तक भरे जा सकते हैं और 26 अप्रैल को मतदान होगा। जम्मू.कश्मीर को छोडकर सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में नामांकन.पत्रों की जांच 5 अप्रैल और जम्मू.कश्मीर में नामांकन.पत्रों की जांच 6 अप्रैल को की जाएगी। बैतूल में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ने बताया कि नामांकन के प्रथम दिन 5 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र प्राप्त किए गए है। सतना संसदीय क्षेत्र के लिए भी आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। नामांकन के प्रथम दिन खजुराहो लोक सभा क्षेत्र के चुनाव के लिए कोई भी नामांकन पत्र नही भरा गया। आज कटनी और पन्ना जिले से चार नामांकन पत्र लिए गए।

## लोकसभा चुनाव अवकाश

प्रदेश के विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल चार चरणों में मतदान होगा। राज्य शासन ने संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया हैं। प्रथम चरण में 19 अप्रैल द्वितीय चरण में 26 अप्रैल तृतीय चरण में 7 मई एवं चतुर्थ चरण में 13 मई को होने वाले निर्वाचन के लिए इन तिथियों में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

भोजशाला में एएसआई का सर्वे

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर धार की ऐतिहासिक भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का सर्वेक्षण सातवें दिन आज भी जारी है। दिल्ली और भोपाल के अधिकारियों की 17 सदस्यीय टीम सुबह से लेकर देर शाम तक सर्वे किया। इस दौरान टीम के साथ अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और मैपिंग के उपकरण भी नजर आए। भोजशाला के बाहर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

किए गए हैं। भोजशाला में उत्खननए कार्बन डेटिंग जीपीएसए जीआरएस पद्धति सहित आधुनिक संसाधनों द्वारा सर्वे का काम किया जा रहा है।

बालाघाट में मतदान समय परिवर्तन

बालाघाट में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान के समय में परिवर्तन किया गया है। तीन विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से शाम 4 बजे तक और बाकी जगहों पर सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र बैहरए लांजी और परसवाड़ा में मतदाता सुबह 7 से शाम 4 बजे तक मतदान कर सकेंगे। इन क्षेत्रों को संवेदनशील मानते हुए निर्वाचन आयोग ने यह निर्णय लिया है।

प्रचार लोकसभा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज गुना और खजुराहो लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव अशोकनगर के चंदेरी विधानसभा के ईसागढ़ में प्रचार के दौरान डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं का सम्मान भाजपा की प्राथमिकता है लोकसभा चुनावों में प्रदेश की 29 सीटों में से भाजपा ने 6 पर महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है वहीं कांग्रेस ने एक प्रत्याशी को अवसर दिया है। मुख्यमंत्री ने छतरपुर के चंदला में भी जनसभा को सम्बोधित किया। कांग्रेस सहित अन्य दल भी प्रचार में जुटे हुए हैं।

लोकसभा चुनाव जागरुकता

लोकसभा चुनाव की तारीखे पास आने के साथ मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम और अन्य प्रशासनिक तैयारियां जारी है। आज नीमच में जिला अधिकारियों ने राजस्थान की सीमा से जुड़े अधिकारियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की। इसमें नीमच के अलावा अन्य जिलों के जिलाधिकारी और भीलवाडा के कलेक्टर शामिल हुए। सागर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अखबार और टीवी चैनलों में विज्ञापनों और पेड न्यूज की मॉनिटरिंग करने के साथ ही सोशल मीडिया पर भी पूरी नजर रखी जायेगी। मीडिया पर प्रचार का खर्च भी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जोड़ा जाएगा। इस बीच मतदान दलों को प्रशिक्षित करने हेतु ब्लॉक लेवल के मास्टर ट्रेनर्स को आज आगरमालवा जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। यहां स्टेट लेवल के मास्टर ट्रेनरों ने मतदान प्रक्रिया के साथ-साथ ईवीएम संचालन की प्रक्रिया सहित अन्य जानकारी प्रदान की। अनूपपुर में आज सामतपुर तिराहा से रेलवे स्टेशन तक मतदाता जागरूकता तथा शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त मतदान के लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा जनता में विश्वास कायम रखने के लिए फ्लैग मार्च किया गया। छिंदवाड़ा जिले के विकासखण्ड चौरई के प्रत्येक मतदान केंद्र पर आज दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं का अभिनन्दन कर उन्हें मतदान के प्रति प्रेरित किया गया । इसी

तरह गुना जिले की नगर परिषद आरोन में मतदान केंद्र क्रमांक 205 पर मानव श्रृंखला बनाकर मतदान शपथ का आयोजन किया गया।

मौसम

प्रदेश के कई स्थानों पर आज बादल छाने से गर्मी से राहत मिलती दिख रही है। भोपालए इंदौरए छतरपुरए सतनाए मैहरए रीवा समेत कई जिलों में बादल छाए रहे। इसके चलते इन जिलों में तेज धूप और गर्मी से कुछ राहत मिली । पश्चिमी विक्षोभ और ट्रफ लाइन की वजह से हो रहा है। 29 मार्च से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके कारण ग्वालियर-जबलपुर समेत प्रदेश के 29 जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं। राजधानी भोपाल में अगले 4 दिन तक बादल छाने का अनुमान है। इस बीच प्रदेश के बड़वानी जिले के तालुन में सर्वाधिक तापमान 41 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने रतलाम और दमोह जिले के लिए लू का यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच शिवपुरी जिले में होली के बाद गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिए हैं। दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा रहा है।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे ींजे।चच नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े 7 बजे शुरू होगा। दोनों टीमों का इस सीजन में ये दूसरा मुकाबला है। राजस्थान ने जहां लखनऊ को हराकर प्रतियोगिता में जीत से आगाज किया था। वहीं दिल्ली को पंजाब के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। दोनों की टीमों के बीच आईपीएल में 27 मुकाबले खेले गये हैं जिनमें राजस्थान को 14 में और दिल्ली को 13 मुकाबलों में जीत मिली है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- शहडोल पुलिस ने प्रतिबंधित 946 नशीले इंजेक्शन के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जब्त इंजेक्शन की कीमत लगभग एक लाख रुपए है। पुलिस की विशेष टीम ने बस स्टैंड के करीब छापा मारकर दोनों युवकों को पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।
- कटनी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर एम.सी.एम.सी एवं उनके साथ संलग्न स्टाफ का एक दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभा कक्ष में आयोजित किया जा रहा है है।

- नर्मदापुरम जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप के तहत अनेक गतिविधियां और कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विशेषकर नए मतदाताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।
- मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे।

……………………………